कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 14.01.2023

//प्रेस विज्ञप्ति//
अन्तरमहाविद्यालयीन नेटबॉल प्रतियोगिता में शासकीय खूबचंद महाविद्यालय भिलाई–3 विजेता

शास. डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग द्वारा अन्तरमहाविद्यालयीन नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बी. आई. टी. में किया गया। प्रतियोगिता में कुल 10 महाविद्यालयों की टीम के लगभग 120 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। दो महाविद्यालय से ट्रायल्स हेतु खिलाड़ी उपस्थित हुये।

प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉ. दिनेश नामदेव, संचालक शारीरिक शिक्षा, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग, डॉ. निशांत देवांगन, क्रीड़ा संयोजक, बी0आई0टी0 एवं महाविद्यालय क्रीड़ा समिति की संयोजिका डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े द्वारा किया गया।

डॉ. दिनेश नामदेव ने अपने उदबोधन में कहा कि क्रीड़ा एक ऐसा क्षेत्र है जहां आप अपनी प्रतिभा को तो दिखाते ही है, साथ ही व्यक्तित्व विकास एवं आय का साधन भी बना सकते हैं।

प्रतियोगिता का प्रथम क्वाटर फाईनल मैच शास. विज्ञान महाविद्यालय एवं शास. महाविद्यालय भिलाई–3 के मध्य खेला गया जिसमें भिलाई–3, 10–4 से विजयी रहा। द्वितीय क्वाटर फाइनल शास. दिग्विजय महा. राजनांदगांव एवं सेठ आर.सी.एस. दुर्ग के मध्य खेला गया, जिसमें दिग्विजय महा. 8–0 से विजयी रहा।

प्रतियोगिता का तृतीय क्वाटर फाईनल मैच शास0 कन्या महा0 दुर्ग एव सेठ बद्रीलाल शिक्षा महा0 दुर्ग के मध्य खेला गया जिसमें कन्या दुर्ग 13–01 से विजयी रहा तथा चतुर्थ क्वाटर फाईनल मैच मनसा महा0 कुरुद एवं शास0 महाविद्यालय वैशालीनगर के मध्य खेला गया जिसमें मनसा महा0 06–03 से विजयी रहा।

प्रतियोगिता का प्रथम सेमीफाईनल कन्या महा0 दुर्ग एवं शास महाविद्यालय भिलाई–3 के मध्य खेला गया जिसमें भिलाई तीन 11–9 से विजयी रहा और फाईनल में प्रवेश किया। द्वितीय सेमी. फाईनल शास दिग्विजय महा. एवं मनसा महा कुरूद के मध्य खेला गया, जिसमें मनसा महा0 06–03 से विजय होकर फाइनल में स्थान बनाया।

फाईनल मैच में शास0 खूबचंद महाविद्यालय भिलाई–3 ने मनसा महा0 को 14–06 से प्ररास्त किया और विजेता का खिताब हासिल किया।

प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण डॉ0 दिनेश नामदेव, डॉ अमरीक सिंह एवं रमेश त्रिपाठी द्वारा विजेता एवं उपविजेता को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक थे श्री जावेद खान, श्री अब्बास अहमद, श्री मोहन राव, श्री सूर्यकान्त आदि थे।

प्रतियोगिता का संचालन डॉ. ऋतु दुबे क्रीड़ा अधिकारी ने किया।
प्रतियोगिता में डॉ. नरेश दिवान, डॉ. यशवंत देशमुख, श्रीमती अर्चना षडंगी, लक्ष्मणेन्द्र कुलदीप, मेजर सिंह, मोहित साव आदि उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन डॉ जागृत ठाकुर ने किया। प्रतियोगिता आयोजन में बी.आईटी. परिवार एवं श्री विजय चन्द्राकर ने अमूल्य सहयोग दिया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

//प्रेस विज्ञप्ति//

अन्तरमहाविद्यालयीन नेटबॉल प्रतियोगिता में शासकीय खूबचंद महाविद्यालय भिलाई–3 विजेता